Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to exempt two wheelers and vechicles used in farming / agriculture from toll tax at toll plaza on NH No. 6 on Durg Bye pass in Chhattisgarh.

श्री विजय बघेल (दुर्ग) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरे दुर्ग लोक सभा क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 6 है, जिसमें दुर्ग बाइपास रोड पर स्थित टोल प्लाजा द्वारा पिछले 19 वर्षों से दोपहिया वाहन और कृषि कार्यों में आने वाले वाहनों पर टोल राशि ली जाती है । इसके लिए अनेक बार जनआंदोलन भी हुए हैं, उनका कहना है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा सन् 2000 में करार हुआ था । मगर माननीय सड़क परिवहन मंत्री जी ने पिछले दिनों यह कहा था कि बीओटी के माध्यम से जो सड़कें बनेंगी, उसमें दोपहिया वाहन और कृषि कार्यों में उपयोग आने वाले वाहनों पर टोल की राशि में छूट रहेगी ।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करूँगा कि वहाँ भी दुपहिया वाहन और कृषि कार्य में आने वाले वाहनों पर छूट दी जाए । उसके लिए आदेशित करें, यह मैं माननीय सड़क मंत्री जी से निवेदन करता हूँ ।

माननीय अध्यक्ष : डॉ. बी.वी. सत्यवती । मैं आपको मौका दे रहा हूँ । आपको कल भी मौका दे दिया था, लेकिन आप महिला सांसद हैं, बहुत देर से इंतजार कर रही हैं ।